देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 126 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 17 अगस्त 2021

विचार–प्रवाह...फाइलों का चक्कर





मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0°

42243.40

2 नाम लिए बगैर जमकर साधा निशाना

7 सिंधु से पीएम ने पूरा कर ही दिया वादा

# दिल्ली से काबुल जाने वाली सभी उड़ानें रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अफगानिस्तान में जारी उथल–पुथल के बीच, राष्ट्रीय वाहक एयर इंडिया की काबुल जाने वाली उड़ान की समय में बदलाव किया जाने के बाद खबर मिली है कि अफगान हवाई क्षेत्र बंद हो गया है, जिस कारण भारत की ओर से उड़ान काबुल नहीं जा सकती। समाचार एजेंसी एएनआइ को एयर इंडिया की ओर से बताया गया, अफगान हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फ्लाइट ऑपरेट नहीं हो सकती हैं। इससे साफ है कि भारत आने के लिए अफगानिस्तान में फंसे लोगों को भी और समय लगने वाला है।

वहीं, अफगान हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण एयर इंडिया की एआई 126 शिकागो–दिल्ली उड़ान को खाड़ी हवाई क्षेत्र की ओर मोड़ा गया है। इसके अलावा बताया गया था कि काबुल जाने वाली सुबह की उड़ान दोपहर को उड़ान भरेगी और जबकि उड़ान कर्मचारियों के साथ दो विमान निकासी के लिए स्टैंडबाय पर भी रखे गए थे।

एयर इंडिया के एक अधिकारी ने एएनआइ को बताया था, काबुल में मौजूदा स्थिति के कारण एयर इंडिया की उड़ान को काबुल के लिए सुबह 8:30 बजे की बजाय 12:30 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। बता दें कि अफगानिस्तान में जारी उथल–पुथल के कारण काबुल के हामिद करजई इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर दुनिया भर से उड़ान संचालन प्रभावित है।

वहीं, भारत सरकार द्वारा एयर इंडिया को काबुल निकासी के लिए दो विमानों को स्टैंडबाय पर रखने के लिए कहा गया है। सरकारी अधिकारी ने एएनआइ को बताया, फ्लाइट क्रू के साथ दो विमान काबुल निकासी के लिए स्टैंडबाय पर हैं। सरकार स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है।

सूत्रों ने यह भी जानकारी दी कि शहर में जारी हिंसा के कारण काबुल हवाईअड्डे का रास्ता रात से ही अवरुद्ध रहा। सूत्रों ने एएनआइ को बताया, यात्रियों, साथ ही एयरलाइन कर्मचारियों को हवाई अड्डे तक पहुंचने के लिए गंभीर और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

## एयर इंडिया की काबुल जाने वाली फ्लाइट का समय बदला

अफगानिस्तान ने बंद किया अपना हवाई क्षेत्र

**एयरपोर्ट के आसपास लगातार चल रहीं गोलियां**

तालिबान राजधानी काबुल पर कब्जा कर चुका है और एयरपोर्ट पर चौकियां बना रहा है। राष्ट्रपति महल के भीतर तालिबानी लड़ाके घुस चुके हैं क्योंकि राष्ट्रपति अशरफ गनी देश छोड़कर भाग चुके हैं। खबरों के मुताबिक काबुल एयरपोर्ट के मैदान के आसपास लगातार गोलियां चल रही हैं।



**टेकऑफ के बाद ही गिरे दो लोग?**

तालिबान के हाथों बर्बाद हो रहे अफगानिस्तान से भयावह तस्वीरें आ रही हैं। हर एक में बदहवासी और अनिश्चितता साफ देखी जा सकती है। काबुल एयरपोर्ट का हाल सबसे बुरा है। वहां इतनी अफरातफरी मची कि अमेरिकी सैनिकों को फायरिंग करनी पड़ी। उस गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों के मारे जाने की खबर है। इस बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो काबुल एयरपोर्ट के पास का ही बताया जा रहा है। वीडियो में टेकऑफ कर रहे विमान से दो लोग गिरते दिख रहे हैं।

**अपाचे गनशिप देख भागे लोग**

वीडियो में हजारों लोगों की भीड़ सी–17 विमान के पीछे दौड़ती हुई नजर आ रही है, जो रनवे पर धीरे–धीरे चल रहा है। तभी एक अपाचे गनशिप जमीन से कुछ फीट ऊपर उड़ता हुआ लोगों के पास आता है और भीड़ को एयरलिफ्टर से दूर धकेलने की कोशिश करता है। अफगानों के लिए यह खतरनाक उपाय हताश करने वाले हैं क्योंकि उनके पीछे एक ऐसा मुल्क बचा है जिस पर अब तालिबान का कब्जा है। सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे वीडियो में विद्रोहियों को कंधार शहर के आसपास रूस में बनाए गए एमआई–17 विमान उड़ाते हुए देखा जा सकता था। तालिबान ने अमेरिकी निर्मित ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टरों पर कब्जा कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस छोड़ सुष्मिता ने थामा तृणमूल कांग्रेस का हाथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद और महिला कांग्रेस प्रमुख सुष्मिता देव ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया है। सुष्मिता देव सोमवार को टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी और डेरेक ओ ब्रायन की मौजूदगी में टीएमसी में शामिल हो गईं। 15 अगस्त को सुष्मिता ने कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी को अपना इस्तीफा भेजा था। सुषमिता अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहीं थीं।

### पीएम मोदी ने दी पूर्व पीएम अटल को श्रद्धांजलि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि है। इस मौके पर देश अटल बिहारी वाजपेयी को याद कर रहा है। इस मौके पर आज राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

# पेगासस मामला: सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया 10 दिन का समय

## जांच के लिए विशेषज्ञों की एक कमिटी बनाएगा केंद्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पेगासस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई की गई। ट्रिब्यूनल में नियुक्ति के लिए केंद्र को दस दिन का समय दिया गया है। केंद्र ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर दिया। केंद्र ने हलफनामे में कहा है कि मामले की जांच के लिए वह विशेषज्ञों की एक कमिटी बनाएगा।

केंद्र ने कोर्ट से कहा कि पेगासस जासूसी प्रकरण में कुछ छिपाने को नहीं है और सभी पहलुओं को देखने के लिए यह विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित करेगा। केंद्र ने कहा कि यह मामला काफी तकनीकी है जिसकी जांच के लिए विशेषज्ञों का होना जरूरी है। मामले में जांच के लिए याचिका दायर करने वाले पत्रकारों एन राम व शशिकुमार की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि हलफनामे से यह नहीं पता चलता है कि सरकार या इसकी एजेंसी इस स्पाइवेयर का इस्तेमाल करती थी या नहीं।

चीफ जस्टिस एनवी रमना और जस्टिस सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस की बेंच के पास हलफनामा दायर किया गया। केंद्र सरकार ने कहा कि कथित पेगासस जासूसी प्रकरण को लेकर संसद में आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पहले ही स्पष्टीकरण दे दिया है। कोर्ट में सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने हलफनामे के कुछ अंश पढ़कर सुनाए जिसमें उन सभी आरोपों का खंडन किया गया है।

सॉलिसीटर ने पढ़ा, एक वेब पोर्टल ने संसद सत्र की शुरुआत से पहले सनसनी फैलाने के लिए कुछ अपुष्ट बातें प्रकाशित कर दीं। फिर भी हम स्थिति साफ करने के लिए निष्पक्ष तकनीकी विशेषज्ञों की एक कमिटी बनाना चाहते हैं।



**याचिकाकर्ता आखिर क्या चाहते हैं?**

सॉलिसीटर जनरल ने कहा, पेगासस बनाने वाले NSO ग्रुप कह चुका है कि भारत को उसने स्पाईवेयर नहीं बेचा। उसके ग्राहक मुख्य रूप से पश्चिमी देशों में हैं। सरकार फिर भी भलमनसाहत दिखाते हुए कमिटी बनाना चाहती है। मुझे नहीं पता कि याचिकाकर्ता आखिर क्या चाहते हैं?

# 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में आई कमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार सुबह भारत में कोरोना संक्रमण के आंकड़ों को जारी किया। इसके मुताबिक बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस के 32,937 नए मामले दर्ज हुए और 417 संक्रमितों की मौत हो गई। वहीं इस अवधि में कोरोना संक्रमण से 35,909 लोग ठीक हुए। फिलहाल देश में 3,81,947 सक्रिय मामले हैं।

**54,58,57,108 लग चुकी वैक्सीन:** भारत में अब तक कोरोना महामारी के लिए कुल 49,48,05,652 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं जिसमें से 11,81,212 सैंपल की टेस्टिंग केवल रविवार को की गई। यह जानकारी सोमवार को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने दिया है। जहां तक कोरोना वायरस से बचाव के लिए देश में जारी वैक्सीनेशन अभियान की बात है तो अब तक कुल 54,58,57,108 वैक्सीन लगाई जा चुकी है जिसमें से बीते 24 घंटों में 17,43,114 वैक्सीन लगाई गईं।

**कोरोना अपडेट**

■मिले 32,937 नए संक्रमित, 417 मौतें दर्ज: स्वास्थ्य मंत्रालय

**राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को केंद्र की ओर से मुफ्त वैक्सीन:** स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक केंद्र सरकार की ओर से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वैक्सीन की 56.81 करोड़ से अधिक डोज उपलब्ध कराई गई है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के पास अभी वैक्सीन की 2.89 करोड़ से अधिक डोज इस्तेमाल के लिए मौजूद है।

2019 के अंत में चीन के वुहान में कोरोना संक्रमण का पहला मामला सामने आया था। जिसके बाद इस घातक वायरस संक्रमण ने पूरी दुनिया को चपेट में ले लिया। मार्च 2020 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे महामारी घोषित कर दिया। महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक भारत में कुल संक्रमितों की संख्या 3,22,25,513 हो चुकी है और अब तक कुल 4,31,642 संक्रमितों की मौत हो चुकी है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# देश में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिल्ली के लाल किले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्वजारोहण किया, वहीं सभी राज्यों की राजधानियों में मुख्यमंत्रियों ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उन्होंने देश को आजादी दिलाने वाले बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया।

**सभी राज्यों की राजधानियों में मुख्यमंत्रियों ने ध्वजारोहण किया**

लखनऊ में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर रविवार को विधान भवन में ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और देश के लिए बलिदान हुए अमर बलिदानियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि शहीदों के लिए बने स्मारक हमें आजादी की याद दिलाते हैं। भोपाल में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया।

पंजाब में भी मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने राज्यस्तरीय समारोह को संबोधित किया। कहा कि पाकिस्तान के किसी हमले या धमकी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।